
विधानसभा क्षेत्र नूंह से नेता नहीं आपका भाई
स्वतंत्रता दिवस रक्षाबंधन एवं
जन्माष्टमी की
हार्दिक शुभकामनाएं
चौ. जाहिद हुसैन (चेयरमैन)
प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, भाजपा हरियाणा


आप सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षाबंधन
की हार्दिक
शुभकामनाएं
हाजी अब्बास जयसिंहपुर


पृथला विधानसभा की देवतुल्य जनता एवं सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
रक्षाबंधन एवं श्री कृष्णजन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाऐं।
दीपक डागर जाजरू (समाजसेवी)
M. 9999493707, 8076902204
पृथला विधानसभा क्षेत्र


आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
जीतेंगे बल्लभगढ़
भावी मुख्यमंत्री कुमारी सैलजा जी
ने किया बल्लभगढ़
कांग्रेस कार्यालय का उद्घाटन।
प्रियंका अग्रवाल
PCC डेलिगेट (बल्लभगढ़ विधानसभा)
प्रदेश महासचिव, महिला कांग्रेस
मनोज अग्रवाल
बल्लभगढ़ विधानसभा
सोनू चौधरी
सुनिता फागना
स्वर्ण सिंह आर्य
गंजना लाम्बा
अनिता शर्मा
आकाश पंडित
बाबुलाल रवि
आजाद सैनी
धर्मवती शर्मा
सगीरन खान
प्रदेश सचिव, महिला कांग्रेस सेवादल
नसीमा खान
प्रदेश सचिव, महिला कांग्रेस सेवादल

# तरक्की तो खूब हुई पर 77 साल बाद भी समस्याओं से जूझ रहे लोग

## बिना योजना के किये गए विकास की वजह से लोग झेल रहे हैं परेशानी





फोटो-01-केएल मेहता कॉलेज वाली सड़क पर बरसाती पानी में चलती नई की दुकाने फोटो-02ए-मशीन पर लिखा है एक कदम स्वच्छता की ओर स्वच्छ भारत अभियान और मशीन से गंदगी को गोंछी ड्रेन में जा रहा डाला। फोटो— ओमप्रकाश पंचाल

### तरक्की तो जिले में खूब हुई

आजादी के बाद विभाजन के कारण पाकिस्तान से आए शरणार्थियों के लिए बड़े ही सुनियोजित ढंग से शहर बसाया गया था। बाद में यहां लगातार सुविधाओं में भी इजाफा होता रहा। काफी संख्या में उद्योग लगने की वजह से शहर को औद्योगिक नगरी के रूप में पहचान मिली। इस दौरान अनेक पॉश सेक्टर विकसित किये गए। रोज गार्डन और टाउन पार्क जैसे अनेक उद्यान बनाए गए हैं। वर्ष 2014 में मेट्रो ट्रेन का सफर भी शुरू हो गया। इस बीच नहरपार इलाके में ग्रेटर फरीदाबाद के नाम से एक नया शहर विकसित हो गया। जहां जगह जगह गगनचुम्बी इमारतों का निर्माण लगातार जारी है। शहर में कूड़े के निस्तारण की समस्या को दूर करने को करीब सात साल पहले घरों से कूड़ा उठाने का ठेका ईकोग्रीन कंपनी को दिया गया था। इस दौरान घर घर पेयजल पहुंचाने के लिए यमुना किनारे जगह जगह रैनीवैल के कुओं का निर्माण किया गया। आज शहर में खरीदारी के लिए अनेक बाजार, मॉल और ग्रेफ की वर्ल्ड स्ट्रीट मौजूद है।

### समस्याएं आज भी बरकरार

एक तरफ देश आजादी की 77वीं वर्षगांठ मनाने की तैयारी कर रहा है। वहीं लोग आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। सड़कों की बदहाली दूर करने के लिए अरबों रुपये खर्च हो चुके हैं। लेकिन ज्यादातर सड़कों पर बने गड्ढों के कारण दुर्घटनाएं हो रही है। यहां तक कि हाल ही में बसे ग्रेटर फरीदाबाद की सड़के भी गड्ढों से अछूती नहीं है। गंदे पानी की निकासी के लिए नालों पर अरबों रुपये खर्च हो चुके हैं। लेकिन जरा सी बरसात आते ही शहर की सड़के जलमग्न हो जाती है। ईकोग्रीन कंपनी को करोड़ों रुपये का भुगतान करने के बावजूद शहर में कूड़े के ढेर लगे होने के कारण अब नगर निगम ने ठेका किसी और को दे दिया, लेकिन उक्त कम्पनी घरों से कचरा उठा ही नहीं रही है। वहीं बंधवाड़ी में खड़े किये गए कूड़े के पहाड़ से पर्यावरण का नुकसान पहुंच रहा है। सीवर की सफाई का लगातार करोड़ों रुपये का भुगतान हो रहा है। लेकिन शहर में ऐसा कोई इलाका नहीं है, जहां गंदा पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों पर न बह रहा हो।



सीवरेज का ढ्क्कन टुटने के बाद लगा दिया उसमें पेड की टहनियों को



विकसित ग्रेटर फरीदाबाद का एक दृश्य

### नहीं बन सका दूसरा अस्पताल

आजादी के बाद तत्कालीन सरकार ने 200 बिस्तर का बीके अस्पताल शुरू किया था। इस अस्पताल को बने करीब 77 साल गुजरने के बाद भी अब तक रही विभिन्न पार्टियों की सरकारों ने कभी दूसरा अस्पताल बनाने का प्रयास नहीं किया। सेक्टर 55 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने 50 बिस्तर के अस्पताल का निर्माण करवाया था। लेकिन इसे शुरू करने के बजाय इसमें डिलीवरी हट सेंटर खोल दिया गया, लेकिन उसमें भी सुविधाओं का भारी आभाव है। इस दौरान यहां सभी सुविधाओं से पूर्ण ईएसआई मेडिकल कॉलेज का निर्माण हुआ है। वैसे तो वह सिर्फ ईएसआई कार्ड धारकों के लिए है। लेकिन यह मेडिकल कॉलेज नहीं होता तो कोरोनाकाल में शहर की काफी दुर्गति होती। आम लोगों के इलाज के लिए शहर में एक मात्र बीके अस्पताल ही मौजूद है। जहां डॉक्टरों और कर्मचारियों का भारी अभाव हमेशा बना रहता है। यहां अक्सर दवाईयां तक उपलब्ध नहीं होती। ऐसे में शहर के लोगों को मजबूरी में निजी अस्पताल के हाथों लूटने को मजबूर होना पड़ता है।

### जनता की भागदारी जरूरी है

समाजसेवी विष्णु गोयल का कहना है कि समस्याओं को जड़ से खत्म करने के लिए सरकार में आम जनता की भागीदारी बेहद जरूरी है। होने वाले विकास कार्यों की देखरेख की जिम्मेदारी वहीं के वाशिंदों को दी जानी चाहिए। क्योंकि वे अपने लिए होने वालों कामों पर विशेष ध्यान देंगे। जिससे पारदर्शिता बनी रहेगी। सरकार जब तक जनता को नहीं जोड़ती, तब तक आजादी सार्थक नहीं होगी।



शहर में दौड़ती मेट्रो ट्रेन का दृश्य: फोटो ओमप्रकाश पंचाल

**समाचार गेट/कविता**

**फरीदाबाद।** आगामी मंगलवार को देश की आजादी को 76 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। सोशल मीडिया और अन्य साधनों के जरिये हर घर पर तिरंगा लगाने का आह्वान किया गया है। इन 77 वर्षो के दौरान औद्योगिक नगरी ने खूब तरक्की भी की है। आज शहर के लोग मेट्रो ट्रेन पर सफर कर रहे हैं। बहुमंजिला इमारतों का ग्रेटर फरीदाबाद बस चुका है। लेकिन इस सबके बावजूद आज भी औद्योगिक नगरी फरीदाबाद के लोगों को मूलभूत सुविधाओं के लिए जूझना पड़ रहा है। इतने वर्ष गुजर जाने के बाद भी शहर में समस्याओं को जड़ से खत्म करने के लिए ठोस व्यवस्था नहीं बन पाई है। प्रदेश को सबसे ज्यादा राजस्व देने वाले शहर की गड्ढेदार सड़कों की बदहाली किसी से छिपी नहीं है। वहीं शहर की इन सड़कों पर आज भी जगह जगह कूड़े के ढेर लगे हैं। स्वास्थ्य सुविधा के नाम पर बीके अस्पताल है। जहां सुविधाओं में तो इजाफा हो रहा है। लेकिन डॉक्टरों और कर्मचारियों के अभाव में लोगों को इन सुविधाओं का लाभ नहीं मिल रहा। ऐसे में बीमार लोग निजी अस्पतालों से लुट रहे हैं।



## ब्रह्मण समाज ने की रेवाड़ी विधानसभा से टिकट कि मांग

समाचार गेट/ निकिता माधोगड़िया

रेवाड़ी। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडोली का बुधवार को रेवाड़ी आगमन पर हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की प्रदेश उपाध्यक्षा पारीसा शर्मा ने अपने निजी होटल में कार्यक्रम में स्वागत एवं अभिनंदन किया। उनके साथ ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष जिले सिंह पिचोरिया, पूर्व मंत्री कृष्ण बेदी, रेवाड़ी जिला अध्यक्ष वंदना पोपली भी पहुंची। अभिनंदन कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज



के सभी प्रतिष्ठित लोग उपस्थित थे। श्री बड़ौली का वहां पहुंचने पर ब्राह्मण समाज की तरफ से भव्य स्वागत किया गया। ब्राह्मण समाज की तरफ से जिले में ब्रास मार्केट का परशुराम ब्रास मार्केट तथा ब्रह्मण समाज के लिए जमीन देने की मांग भी की गई। प्रदेश अध्यक्ष ने उनकी मांगो को जल्द पुरा करवाने की कोशिश का आश्वासन दिया। प्रदेशाध्यक्ष ने मौजूद समाज के लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि ब्रह्मण समाज ने हमेशा जाति धर्म में न पड़ कर हमेशा सही सरकार का साथ दिया। इस बार भी ब्रह्मण समाज भाजपा का साथ दे कर तीसरी बार हरियाणा में कमल खिलाने में भाजपा कि मदद करेगा। अंत में पारिसा शर्मा ने आए हुए सभी लोगो का धन्यवाद किया। उन्होंने रक्षा बंधन के पावन पर्व पर प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल से ब्राह्मण जिला रेवाड़ी के लिए धर्मशाला के लिए जमीन की माँग तोहफे के रूप में रखी, साथ ही साथ उन्होंने पर्यावरण बचाने के लिए आये हुए अपने परिवार के सभी सदस्यों को एक एक पौधा दिया और एक पौधा माँ के नाम लगाने की मुहीम को आगे बढ़ाया। इस अवसर पर संकल्प किया कि अधिक से अधिक पौधारोपण कर पर्यावरण को बचायेंगी ' हमारे माननीय प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी की मुहिम एक पेड़ माँ के नाम को सफल बनायेंगी। उन्होंने इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडोली का धन्यवाद किया। इस अवसर पर ब्राह्मण मित्र मंडल से मदन लाल शर्मा, अशोक शर्मा, प्रेम कौशिक, रवि व अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहें।

## भाजपा योगेश तंवर ने नूंह विधानसभा से चुनाव लडड्ने की ठोकी ताल

अनिल मोहनियां नूंह

नूंह विधानसभा चुनाव के नजदीक आने के साथ ही चुनाव लड़ने के इच्छुक नेता भी मैदान में उतर रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को भाजपा के योगेश तवर ने पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि नूंह विधानसभा चुनाव लडड्ने का ऐलान किया। इस मौके पर योगेश तंवर ने कहा कि नूंह विधानसभा क्षेत्र में पिछले करीब 10 सालों से जनता के सुख दुख में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं अपने कार्यालय पर हमेशा रहता हैं जहां पर हर दिन क्षेत्र के लोगों से रूबरू हो रहे हैं।आज नूंह विधानसभा में बिजली,



पानी, सडक व अन्य प्रकार की समस्याओं से लोग जूझ रहे हैं। लेकिन उनकी कोई सुनने वाला नहीं है।उन्होंने भाजपा में रहते हुए क्षेत्र की पंचायतों में विकास कार्य कराए थे। आगे भी वह लोगों के साथ रहेंगे।उन्होंने कहा कि इस बार वह नूंह विधानसभा क्षेत्र से हर हाल में चुनाव लड़ेंगे।

वह और उनका परिवार हमेशा 36 बिरादरी के साथ रहा है।

## तिरंगा हमारी शान है यही हमारी पहचान है चौधरी जाहिद हुसैन चेयरमैन

अनिल मोहनियां नूंह

जवाहर नवोदय विद्यालय बाई नूंह में एक विशाल तिरंगा रैली का आयोजन पेस सैटिंग प्रभारी अशोक कुमार यादव के निर्देशन में किया गया । मुख्य अतिथि चेयरमैन चौधरी जाहिद हुसैन ने सभी शिक्षक और छात्र छात्राओं को देश भक्ति के रंग में रंगते हुए हर घर में तिरंगा लगाने का आह्वान करते हुए मिलकर खुशी खुशी स्वतंत्रता दिवस मनाने की अपील की। अपने हाथों 200 तिरंगे और पोस्टर बैनर लेकर चेयरमैन चौधरी जाहिद हुसैन और बच्चो ने मुख्य सड़क और गांव की गलियों से होते हुए ग्रामीणों को स्वतंत्रता के रंग से भर दिया। शिक्षक अशोक कुमार यादव ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर घर तिरंगा अभियान हेतु सभी झंडे चेयरमैन चौधरी जाहिद हुसैन ने उपलब्ध कराए जिसके लिए प्राचार्य सुरेश कुमार शर्मा और सभी बच्चो ने उनका तहेदिल से धन्यवाद करते हुए भविष्य में विद्यालय के उत्थान और विकास में योगदान देने का आग्रह किया और 15 अगस्त को धूम धाम से मनाने का फैसला किया। बच्चो द्वारा पोस्टर पर देश भक्ति के स्लोगन



और नारे बड़ी सुंदरता से उकेरे गए जिसमें लवली,नैना,कामना,अंजली,भूमि,हर्षिका,रितिका, वसीमा,नेहा,आफरीन,जिया खान पीयूष ने बेहतरीन देश भक्ति और तिरंगे के पोस्टर बनाकर सभी को आकर्षित किया। एनसीसी और स्काउट गाइड तथा गुजरात के बडनगर विद्यालय के बच्चो ने आकर्षक वेशभूषा से ग्रामीणों का दिल जीत लिया इस विशाल तिरंगा रैली में केशव ,सुमित तान्या,खुशी,कार्तिक,सागर,शिवम लोकेश ,जसवंत, विशाखा,सहित कक्षा बाहरवी तक के 278 बच्चो ने भाग लिया इस अवसर पर राकेश कुमार,अशोक कुमार ,अन्नू देवी , मोहिद,नीलम सिंह,मुकेश राठौड़,वाजिद खान,विकास मीणा ,शरीफ बरकत अली, मिश्रा आदि स्टाफ उपस्थित रहे।

# देश की आवाम अपने स्वतंत्रता सेनानी बुजुर्गों के सपनों का भारत बनाएं

अनिल मोहनियां नूंह

जब देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने लाल किले की प्राचीर से स्वतंत्रता की घोषणा की थी वो दिन भारतीय इतिहास में सुनहरे अक्षरों में दर्ज है, भारत ने ब्रिटिश शासन से स्वतंत्रता हासिल की और पहली बार विश्व ने भारत को एक देश में मान्यता दी। ये सिर्फ ऐतिहासिक घटना नहीं है, बल्कि यह हमें हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान की भी याद दिलाने वाला दिन है और यह हमें देश की एकता और अखंडता की दिशा में प्रयास करके एकजुट रहने की प्रेरणा भी देता है। हर वर्ग के लोगों की शहादत हुई, हर क्षेत्र के लोग शहीद हुए नूंह जिले के हजारों शहीद हुए, मुगलों से, अंग्रेजों से देश की लड़ाई में हरियाणा और मेवात का अहम योगदान रहा।आजादी पाने की यात्रा में अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों ने अपनी जान की परवाह किए बिना अभूतपूर्व संघर्ष किया। महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, सुभाष चंद्र बोस, मौलाना अबुल कलाम आजाद, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद,



असफाकुल्ला खान और रानी लक्ष्मीबाई हकीम अजमल खान और रफी अहमद किदवई जैसे नेताओं ने अंग्रेजी शासन के खिलाफ बिना रुके लगातार प्रयास करते हुए लड़ाई लड़ी। गांधी जी ने अहिंसा और सत्याग्रह के मार्ग को अपनाकर स्वतंत्रता संग्राम को एक नई दिशा दी, जबकि सुभाष चंद्र बोस और भगत सिंह जैसे क्रांतिकारी दुसरे दृष्टिकोण के साथ सामने आए। स्वतंत्रता दिवस पर हमें अपने देश की प्रगति और चुनौतियों की समीक्षा करनी चाहिए और ये काम नागरिकों के साथ साथ सरकारों को भी प्रमुखता से करना चाहिए। यह हमें याद दिलाता है कि स्वतंत्रता का सही मतलब सिर्फ राजनीतिक आजादी नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक न्याय भी इसमें शामिल है। आजादी के 76 वर्ष बाद भी नागरिकों को आजादी की मूल प्राप्ति से कहीं ना कहीं वंचित होना पड़ रहा है। किसानों, गरीबों, मजदूरों व युवाओं सहित सभी सामाजिक व आर्थिक असमानता की चपेट में हैं। संवैधानिक संस्थाएँ भी प्रभावित नजर आती हैं! आजादी के दो मूल स्तंभ संविधान और लोकतंत्र आज 76 वर्ष के इतिहास मे सबसे कमजोर और दयनीय दौर में हैं। नए भारत में ऐसा प्रतीत होता है कि लोगों की आवाज को सरकार कुचल देना चाहती है जिसके उधारण हाल ही में किसान आंदोलन के दौरान किसानों पर सरकारी अत्याचार, पंच सरपंचों के प्रदर्शनों पर लाठियों की बौछार, आवाज उठाने वालों के प्रति सरकार द्वारा अत्याचार शामिल हैं। देश के आम जिम्मेदार लोगों को इस बात पर भी गंभीर मंथन करना चाहिए कि बीते एक दशक में देश के सांप्रदायिक सद्भाव, अनेकता में एकता के चरित्र को गहरा आघात पहुंचाने की कोशिशें हुई हैं । एक जाति का दूसरी जाति के खिलाफ, एक धर्म का दूसरे धर्म के खिलाफ माहौल बनाने की घटनाएं आजादी के 75 वर्ष बाद भी एक बुरे सपने जैसा ही है। इस देश के बुजुर्गों ने जिस उद्देश्य और सपनों के खातिर अपना जीवन बलिदान किया था वो आज की सरकार की नीति, नीयत और नेतृत्व से बिल्कुल मेल नहीं खाता इसलिए आजादी के इस साल के अवसर पर सरकार को भी यह आत्ममंथन करना चाहिए कि जिन लोगों ने बिना धर्म, जाति, रंग, क्षेत्र, भाषा देखे देश के लिए अपनी शहादतें दी उन्हें आज धर्म, जाति, प्रांतों में बांटने की साजिश क्यों हो रही है? सरकार को चाहिए कि वो आजादी के इस मौके पर संविधान, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय की रक्षा सुनिश्चित करे क्योंकि यही सिद्धांत देश की आजादी और अखंडता को मजबुत रखने के मुख्य कारक हैं।देश के आम नागरिक के समक्ष निसंदेह बडी चुनौतियां हैं लेकिन उन्हें मायूस होने की बिल्कुल जरूरत नहीं है क्योंकि इन्हीं लोगों के पूर्वजों ने मुगलों, अंग्रेजों से लड़ाईयां लड़ी और जीती अब उन्हीं के वंशज देश की आजादी, एकता, अखंडता को बनाए रखने में बिल्कुल सक्षम हैं बस जरूरत है वो लोकतंत्र में अपने अधिकारों का सही इस्तेमाल कर अपने शहीद सेनानियों के सपनों के भारत का निर्माण करें। आपसी प्रेम सहयोग और सद्भाव से ही समृद्ध भारत की नींव भारत के युवा रखने का काम करेंगे।







समस्त प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
एवं
श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
राजेश नागर
विधायक (तिगांव)


आप सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
रक्षाबंधन एवं
जन्माष्टमी
की हार्दिक
शुभकामनाएं
लुकमान रमीज
कांग्रेस जोनल अध्यक्ष माइनॉरिटी डिपार्टमेंट हरियाणा प्रदेश एवं कोऑर्डिनेटर हरियाणा प्रदेश जिला मेवात प्रभारी ओबीसी सेल


समस्त प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
एवं
श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
भगवान सिंह फौजदार
भाजपा नेता


पं. टेकचन्द शर्मा द्वारा वर्ष 2014 से 2019 तक किए गए 2500 करोड़ रूपये के बड़े - बड़े विकास कार्य
जो कहा वो किया... जो कहूँगा वो भी करूगाँ...
विकाश का दौर फिर लाऊँगा...
विश्व स्तरीय कौशल यूनिवर्सिटी, दुधौला एंव फीडर स्कूल अब तक लगभग 4000 बच्चों को निजि उद्योगो में रोजगार मिला
गवर्मेंट आई. टी. आई सिकरौना, मोहना एंव फतेहपुर बिल्लौच में बनवाई
नर्सिंग डिग्री कॉलेज दयालपुर 182 तालाबों का सौन्दर्यकरण एंव नवीनीकरण
रेनीवेल प्रोजेक्ट 43 गांव पृथला विधानसभा के पीने के पानी की व्यवस्था लागत 285 करोड़
अनाज मंडी व किसान भवन मोहना सब-तहसील मोहना एंव दयालपुर
सिवरेज सिस्टम: मुजेड़ी, साहूपुरा नवादा, मच्छगर सोतई, सुनपेड़ एंव चंदावली मंजूर करवाया
छांयसा डिस्ट्रीब्यूटरी का विकास व 12 सोलर ट्यूबवेल द्वारा सेम की समस्या का निदान
व्यायामशाला (12 गांवो में) ओपन जिम (20 गांवो में)
सी. एच. सी. दुधौला पी. एच. सी. सीकरी लागत 15 करोड़
वेटनरी हॉस्पीटल बघौला एंव भनकपुर सुनपेड़
जगमग योजना फरीदाबाद पूर्ण व 32 गांव पलवल कार्य आरम्भ
गौंछी ड्रेन व गुरुग्राम नहर पर 10 पुलों का निर्माण
70 की. मी. की नई सड़कें एंव 50 की. मी. नई सड़को का निर्माण
हरफली में 220 के. वी. का सब स्टेशन
नई पंचायत कुरारा, बड़राम नंगला, छांयसा पंचायत झुग्गी
रेलवे अंडरपास पुल देवली, असावटी प्याला व जाजरू
आप सभी क्षेत्रवासियो को
स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबंधन
व जन्माष्टमी की
हार्दिक शुभकामनाएं
(दाग दार नहीं - दमदार)
अपील : पृथला क्षेत्र के बहुमुखी विकास के लिए 2024 में साथ दें।
पं. टेकचन्द शर्मा
(पूर्व विधायक पृथला)

# 78वें स्वतंत्रता दिवस समारोह की सभी तैयारियां पूरी : उपायुक्त

**हरियाणा के सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री डा. अभय सिंह यादव जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में फहराएंगे तिरंगा**

**सब डिविजनल समारोह में बल्लभगढ़ में विधायक सुधीर सिंगला और बड़खल में विधायक सत्यप्रकाश जरावता तिरंगा फहराएंगे**



समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** जिला स्तरीय 78वें स्वतंत्रता दिवस की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। जिला फरीदाबाद के जिला स्तरीय 78वें स्वतंत्रता दिवस पर भव्य समारोह का आयोजन सेक्टर-12 के हेलीपैड ग्राउंड में होगा, जिसमें हरियाणा के सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री डा. अभय सिंह यादव मुख्य अतिथि के रूप में तिरंगा फहराएंगे तथा परेड की सलामी लेंगे। वहीं सबडिविजनल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में बल्लभगढ़ में विधायक सुधीर सिंगला और बड़खल में विधायक सत्यप्रकाश जरावता फहराएंगे तिरंगा और परेड की सलामी लेंगें। इसकी जानकारी जिला उपायुक्त विक्रम सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता दिवस समारोह को भव्य रूप से मनाने के लिए हेलीपैड ग्राउंड में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह कार्यक्रम से पहले मुख्यातिथि डा. अभय सिंह यादव युद्ध स्मारक पर जाकर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। उपायुक्त ने कहा कि इस स्वतंत्रता दिवस समारोह में विभिन्न स्कूलों द्वारा पीटी शो व देशभक्ति गीतों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। स्वतंत्रता दिवस समारोह का समापन उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित करके किया जाएगा।




# पुलिस ने तिरंगा यात्रा निकालकर आमजन में देशभक्ति की भावना को किया प्रबल





तिरंगा यात्रा में शामिल केन्द्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर संग में सीपी राकेश कुमार आर्य व बाइक सवार पुलिसकर्मी रैली में हिस्सा लेते हुए)
फोटो—ओमप्रकाश पंचाल

**सभी डीसीपी, एसीपी, प्रत्येक थाना, चौकी व अपराध शाखा सहित ट्रैफिक पुलिस से पुलिसकर्मी यात्रा में हुए शामिल**

समाचार गेट/कविता

**फरीदाबाद।** भारतवर्ष में आजादी के अमृत महोत्सव को जोरों शोरों से मनाया जा रहा है। सरकार द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के नेतृत्व में फरीदाबाद पुलिस द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, केबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा हरियाणा सरकार व विधायक नरेंद्र गुप्ता ने भाग लिया। इस यात्रा के दौरान फरीदाबाद पुलिस की तरफ से डीसीपी मुख्यालय अभिषेक जोरवाल, डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा, डीसीपी सेंट्रल जसलीन कौर, डीसीपी एनआईटी कुलदीप सिंह, डीसीपी बल्लबगढ़ अनिल कुमार व डीसीपी ट्रैफिक उषा सहित सभी एसीपी, प्रत्येक थाना व चौकी, अपराध शाखा तथा ट्रैफिक के पुलिसकर्मी यात्रा में मौजूद रहे।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य नागरिकों में देश की एकता ० अखंडता की भावना को जागृत करना ० देशभक्ति बारे प्रेरित करके अपने घरों पर तिरंगा झंडा लगाने के लिए जागरूक करना है। इस यात्रा का नेतृत्व पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने किया. यह यात्रा कार्यालय पुलिस आयुक्त सेक्टर 21सी से आरम्भ होकर एनआईटी जोन में लालबत्ती सेक्टर 21ए, सेक्टर 21ए/21डी डिवाइडिंग स्मार्ट रोड, हनुमान मंदिर, पटेल चौक, केंद्रीय विद्यालय एनएचतीन, टाउन नंबर 4/5 चौक, बीके चौक, 1/2 चौक, हार्डवेयर चौक, बाटा पुल होते हुए बल्लभगढ़ जोन पहुंची, जहां से वाईएमसीए चौक, मार्केट सेक्टर 7/10, सेक्टर 9/10 डिवाइडिंग रोड होते हुए सेक्टर 12 फरीदाबाद की तरफ सेंट्रल जोन में प्रवेश किया और सेंट्रल जोन में 9/10 डिवाइडिंग रोड से आने के बाद इंडियन ऑयल के सामने से 12/14 लाल बत्ती, मार्केट सेक्टर 15 से ओल्ड फरीदाबाद होते हुए सेक्टर 12 स्थित शहीद स्मारक फरीदाबाद पर समाप्त हुई जहाँ पर वीर शहीदों को श्रद्धांजली अर्पित की गई।

तिरंगा यात्रा में भाग ले रहे पुलिसकर्मियों ने भारत माता की जय, वंदे मातरम, मेरी आन तिरंगा है मेरी आन तिरंगा है मेरी शान तिरगां है इत्यादि देशभक्ति नारों से सुसर्जित करते हुए वहां पर मौजूद प्रत्येक व्यक्ति के मन में जोश भर दिया जिससे सारा आसमां देशभक्ति के नारों से गूंज उठा। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त ने कहा कि 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत पूरे देश में हर परिवार को अपने घर पर तिरंगा झंडा फहराकर इस महोत्सव को हर्षोल्लास से मनाना चाहिए। इससे नागरिकों में देशभक्ति की भावना को बढ़ावा मिलता है और नागरिकों में अपने आप को देश सेवा में समर्पित करके वतन की उन्नति तथा तरक्की में अपना योगदान देने के लिए प्रेरणा मिलती है।




# मेरे देश के तिरंगे से महंगा है उसका डंडा

समाचार गेट/कविता



**फरीदाबाद।** शहर में हर घर तिरंगा फहराने की मुहिम नौ अगस्त से शुरू हो गई। लेकिन इस मुहिम में जहां एक तरफ लोगों ने तिरंगे अपने घरों के छतों पर डंडे से बांधकर फहरा दिए। लेकिन वहीं कुछ लोग ऐसे भी है, जिनके घर पर तिरंगा नहीं फहराया गया। जब इस विषय में लोगों से बात की गई, तो कुछ ऐसी बाते सामने आई, जोकि चौकाने वाली थी। जिसमें सबसे बड़ी बात यह थी कि हमारे देश के झंडे की कीमत जहां राशन डिपो और डाकघरों में 25 रुपये है, वहीं बाहर 30 रुपये में झंडा मिल रहा है, लेकिन वहीं दूसरी तरफ इन झंडों को घरों में लगाने के लिए इस्तेमाल होने वाले डंडे की कीमत सरकार ने तय नहीं किया है। जिसके कारण मनमाने दामों पर डंडा बेचा जा रहा है। जहां झंडे की कीमत 25 रुपये थी, वहीं उसे फहराने के लिए इस्तेमाल होने वाले डंडे की कीमत 50 रुपये थी। जिसके कारण लोगों के कदम पीछे हटते नजर आए। कुछ ने झंडे को बिना डंडे के ही घरों के बाहर चिपका दिया, तो कुछ ने घरों में मौजूद डंडे में ही तिरंगे को फहराया। लेकिन कुछ लोग ऐसे भी नजर आए, जोकि तिरंगे के लिए इस्तेमाल डंडा न खरीद सके।

**थोपे निर्देश:** लोगों ने बताया कि हर घर तिरंगे का संदेश तो मोदी सरकार ने देश भक्ति की भावना को बढ़ावा देने के लिए दिया है। लोगों ने कहा कि सरकार के द्वारा जारी निर्देशो पर उन्होंने 25 रुपये में झंडे तो खरीद लिए, लेकिन डंडे उन्हें नहीं मिल पाए। उन्होंने कहा कि 50 रुपये की कीमत का डंडा वह नहीं खरीद सकते। जिस कारण उन्होंने झंडे नहीं लगाए। लोगों का कहना है कि सरकार झंडे की तरह डंडे का भी रेट तय कर देती तो अच्छा होता।

**बन लिया व्यवसाय:** लोगों ने कहा कि सरकार और प्रशासन की तरफ से हर घर तिरंगा अभियान का कुछ लोगों फायदा उठा रहे हैं। वहीं आज सड़कों के किनारे। हर जगह झंडा बेचने का व्यवसाय तेज होता दिख रहा है।







समाचार गेट
TITLE CODE: HARHIN11569

स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर-6 नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक, कृष्णा शर्मा। सम्पादकीय कार्यालयः मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरबी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकारः ब्रह्मदत्त शर्मा, 9818180269, ईमेल : samachargate@gmail.com


आप सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
रक्षाबंधन एवं
जन्माष्टमी
की हार्दिक
शुभकामनाएं
गिरीश भारद्वाज
कांग्रेस नेता, विधानसभा क्षेत्र बल्लभगढ़
ऑफिस :- तिरंगा भवन, प्लॉट न०-2AG, सैक्टर-2, बल्लभगढ़


आप सभी क्षेत्रवासियों को
रक्षाबंधन
एवं
श्री कृष्ण जन्माष्टमी
की हार्दिक शुभकामनाऐं
बिजेन्द्र नेहरा
प्रदेश प्रवक्ता भाजपा, हरियाणा
मैम्बर ग्रीवेंस कमेटी हरियाणा सरकार
पृथला विधानसभा क्षेत्र - 85
M. 9899403449


"कांग्रेस की गारंटी, हाथ बदलेगा हालात"
"जनता की यही पुकार, कांग्रेस सरकार अबकी बार"
आप सभी को 78 वें स्वतंत्रता दिवस,
रक्षाबंधन एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
चौ. महेंद्र प्रताप सिंह
पूर्व मंत्री
अब होगा न्याय
आपका आर्शीवाद और विश्वास,
सुनिश्चित करेगा क्षेत्र का विकास
कांग्रेस से ही आस
विजय प्रताप
बड़खल विधानसभा क्षेत्र-87